उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 03 चैत्र, शक संवत्, 1933
( दिनांक : 24 मार्च, 2011 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" तथा "ग"** )।

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 323 (2) के अधीन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के नवम् वार्षिक प्रतिवेदन (01 अप्रैल, 2009 से 31 मार्च, 2010 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्यमंत्री, ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 243-झ (4) के अन्तर्गत द्वितीय राज्य वित्त आयोग (पंचायती राज एवं नगरीय स्थानीय निकाय) की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही का स्पष्टीकारक ज्ञापन सदन के पटल पर रखेंगे।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

7. सभापति, प्राक्कलन समिति, उत्तराखण्ड द्वितीय विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2009-10) का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

12. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करेंगे।

13. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करेंगे।

15. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड कराधान तथा भू-राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

16. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड कराधान तथा भू-राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 2011 को पुरःस्थापित करेंगे।

17. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

18. वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

19. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन मण्डी (संशोधन) विधेयक, 2011 पर विचार किया जाय **(पन्द्रह मिनट)**।

20. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन मण्डी (संशोधन) विधेयक, 2011 पारित किया जाय।

21. पेयजल मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जल संभरण सीवर व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2011 पर विचार किया जाय **(पन्द्रह मिनट)**।

22. पेयजल मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जल संभरण सीवर व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2011 पारित किया जाय।

23. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन (संशोधन) विधेयक, 2011 पर विचार किया जाय **(पन्द्रह मिनट)**।

24. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन (संशोधन) विधेयक, 2011 पारित किया जाय।

25. वित्तीय वर्ष 2007-08 व 2008-09 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के तहत प्रदेश को स्वीकृत धनराशि में से खर्च की गयी धनराशि विषयक दिनांक 09 मार्च, 2010 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-01 के संबंध में श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

26. गन्ने की फसल पर तौल के दौरान 1½ % (डेढ़ प्रतिशत) काटी जा रही कटौती विषयक दिनांक 10 मार्च, 2010 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-13 के संबंध में कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन', सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

27. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

28. जनपद देहरादून के सहस्त्रधारा रोड में गोविन्दनगर से एम0डी0डी0ए0 इन्क्लेव होते हुए गुरूरामराय स्कूल तक 01 कि0मी0 पेयजल लाइन के पुनरोद्धार के सम्बन्ध में श्री दिनेश अग्रवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2011 को दी गई सूचना पर, पेयजल मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

29. राज्य में घरेलू गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हेतु बिक्री केन्द्रों का विस्तार न होने के संबंध में श्रीमती अमृता रावत, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2011 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

30. जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट में वैकल्पिक ऊर्जा विभाग द्वारा निर्माणाधीन लघुजल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में विलम्ब किये जाने के सम्बन्ध में श्री शेर सिंह गढ़िया, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2011 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

31. टिहरी गढ़वाल मोटर ऑनर्स कारपोरेशन लिमिटेड की बसों को उत्तरकाशी से नगुण-भवान-सुवाखोली-मसूरी नया मार्ग एवं पुराने मार्गों से वाया मसूरी सीधे देहरादून तक परमिट न दिये जाने से बस मालिकों, चालकों व परिचालकों के साथ ही जनता मे उत्पन्न आक्रोश के संबंध में श्री केदार सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2011 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, पेयजल मंत्री का केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 24 मार्च, 2011

(महेश चन्द्र)
प्रमुख सचिव।

प्रथम सत्र, 2011
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 3 चैत्र, शक संवत्, 1933

## ( दिनांक : 24 मार्च, 2011 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>14.03.2011<br>श्री प्रीतम सिंह<br>14.03.2011<br>श्री मयूख महर<br>14.03.2011 | ** क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि परिवहन निगम मुख्यालय में मृतक आश्रितों को सेवायोजित किये जाने के सम्बन्ध में मृतक आश्रितों का समूह 260 दिन से अभी तक आन्दोलनरत् हैं? यदि हां, तो क्या सरकार मृतक आश्रितों को नौकरी प्रदान करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

# नत्थी "ख"

**<u>उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र, 2011 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न</u>**

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश जुवांठा<br>11.05.2010 | *1. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के पुरोला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड मोरी में निर्मित टिकोची से दुचाणू रोपवे 2 सितम्बर 2009 को चालू किया गया? क्या यह सत्य है कि तीन दिन पश्चात् दिनांक 05.09.2009 को रोपवे की तार टूट गयी थी? यदि हां, तो उक्त रोपवे के तार टूटने के क्या कारण है? क्या सरकार रोपवे के पुर्ननिर्माण के लिए कोई कार्यवाही कर रही है? क्या सरकार कार्यदायी संस्था के खिलाफ कोई कार्यवाही करने पर भी विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्यान** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>11.05.2010 | *2. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में आत्महत्या के लिए सर्वाधिक सल्फास नाम के कीटनाशक का दुरूपयोग किया जा रहा हैं? यदि हां, तो क्या सरकार सल्फास जैसे खतरनाक कीटनाशक से बढ़ रही आत्महत्या दर को रोकने के लिए सल्फास पर प्रदेश व्यापी प्रतिबन्ध लगाऐगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |

# नत्थी "ग"

# तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>23.11.2010 | *1. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागवानी एवं सब्जी की फसलों का प्रदेश में जिलेवार क्षेत्रफल क्या है तथा फल एवं सब्जी का उत्पादन राज्य गठन के बाद प्रतिवर्ष कितना किया गया? क्या सरकार प्रदेश में फलों व सब्जियों के शोधित बीज व फलों की नर्सरी जिलेवार स्थापित कर काश्तकारों को सस्ते एवं उचित बीज व फलों की पौध उपलब्ध कराने पर विचार करेगी? यदि हां कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री मयूख महर<br>08.12.2010 | *2. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्षा ऋतु में उच्च हिमालयी क्षेत्र में यारसाग्याम्बु नामक जड़ी बूटी का स्थानीय लोगों द्वारा बड़ी मात्रा में दोहन किया जाता है जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों रूपये प्रति कि0ग्रा0 की दर से तस्करी की जाती है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने क्षेत्रफल में व कितनी मात्रा में इस जड़ी बूटी का अनुमानतः दोहन किया जाता है? क्या सरकार इसके दोहन को वैज्ञानिक एवं वैधानिक रूप देकर इस हेतु स्पष्ट नीति बनायेगी? यदि हां, तो कब तक और क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | तृतीय सोमवार के तारांकित 09 मे स्था0 |
| कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन<br>15.12.2010 | *3. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में किसानों की कृषि फसलों को बीमाकृत किया गया है? यदि हां, तो किस वर्ष से उक्त बीमा हेतु किसानों के खाते से प्रीमियम जमा किया जा रहा है? क्या सरकार द्वारा इस वर्ष आई प्राकृतिक आपदा से कृषि फसलों को पहुंचे अत्यधिक नुकसान की भरपाई फसल बीमा से करायी जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह<br>01.02.2011 | *4. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार की कोई नीति है? यदि हां, तो उसका प्रारूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>10.02.2011 | *5. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि नीति को लागू कर दिया गया हैं? यदि हां, तो क्या नीति पारित की गयी हैं? क्या सरकार कृषि को उद्योग का दर्जा देने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्थगित |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>28.02.2011 | *6. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मंडी परिषद द्वारा निर्मित सड़कों के रख रखाव एवं सुधारीकरण के लिए कोई नीति बनाई है? यदि नही, तो उक्त मोटर मार्गों को लोक निर्माण विभाग को हस्तानान्तरण करने का कोई प्रस्ताव शासन में विचाराधीन हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>01.03.2011 | *7. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार की विधान सभा क्षेत्रवार सौर ऊर्जा प्रकाश स्तम्भों के आवंटन की कोई नीति है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>26.11.2010 | *8. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत पसोल गाड के लिए राष्ट्रीय जलागम सतपुली पौड़ी गढ़वाल द्वारा 7.30 करोड़ की योजना तैयार की गई है जिसके निर्माण हेतु धनराशि भी स्वीकृत की गई है? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि उक्त योजना को अन्यत्र स्थानान्तरित किया जा रहा है? यदि हां, तो योजना को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के कारण/औचित्य क्या है? क्या उक्त योजना का क्रियान्वयन विकास खण्ड बीरोंखाल के पसोल गाड के ग्राम वूंगधार, सिमखेत, बुड़ाकोट, कनेरा, सिलोली, गुरूफली, चोपता, डुमलोट–डाडाखील आदि में किया जाएगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **चतुर्थ सोमवार के तारांकित 4 में स्था0** |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>16.12.2010 | 1. विधान सभा के प्रथम सत्र 2010 के तृतीय गुरूवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–07 के सन्दर्भ में पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम बडूढ, विकास खण्ड कोट तथा स्थान घुसगली, विकास खण्ड पौड़ी के अन्तर्गत स्थित है? यदि हां,तो पशु चिकित्सालय बडूढ का संचालन स्वीकृत स्थान की बजाय दूसरे विकास खण्ड में किये जाने के क्या कारण है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पशु चिकित्सालय बडूढ को सम्बन्धित ग्राम सभा के अन्तर्गत संचालित करने के सम्बन्ध में क्षेत्र पंचायत कोट (गढवाल) तथा ग्राम सभा गेण्ड के द्वारा विभाग को कब–कब प्रस्ताव/पत्र प्राप्त हुए हैं और उक्त प्रस्तावों/पत्रों पर अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? क्या उक्त पशु चिकित्सालय का स्वीकृत स्थान तथा विकास खण्ड से बाहर संचालित करने के सम्बन्ध में ग्राम सभा गेण्ड की सहमति ली गई है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>20.12.2010 | 2. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौडी गढवाल के अन्तर्गत कार्यरत पशुधन प्रसार अधिकारियों के रिक्त पदों पर कब तक तैनाती की जायेगी? | **पशुपालन** |
| श्री जोतसिंह गुनसोला<br>22.12.2010 | 3. क्या कारागार मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रप्रयाग बागेश्वर तथा चम्पावत में होमगार्ड जिला कमाण्डेण्ट कार्यालय की स्थापना की जा चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ने होमगार्ड बीमा प्रीमियम का भुगतान कर दिया है तथा कुल कितने होमगार्डों का बीमा करवाया गया है तथा कितने समय तक बीमा करवाया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **कारागार** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>27.01.2011 | **4.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में राज्य वृक्ष, पशु ,पक्षी तथा पुष्प की ही भॉति परिस्थितिकी तंत्र में कीटों की महत्वपूर्ण भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए राज्य कीट का चयन करने हेतु सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो सरकार किस कीट को राज्य कीट घोषित करेगी? | **कृषि** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.02.2011 | **5.** क्या पशुपालन मंत्री अवगत है कि जनपद अल्मोड़ा के मोहान नामक स्थान पर वर्षो से पशु मेला संचालित होता रहा हैं जिसके फलस्वरूप गढ़वाल व कुमांऊ के क्रेता व विक्रेता कृषक पशुओं के खरीद फरोक्त के साथ ही समय–समय पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से काफी रोजगारपरक योजनाओं का सृजन होता था? यदि हां, तो क्या सरकार वर्षो से बन्द हुए इस मेले को पुनः संचालित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>10.02.2011 | **6.** क्या पशुधन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा लागू पशु नस्ल सुधार योजना के अन्तर्गत प्रदेश में किन–किन पशुओं की प्रजाति में सुधार हेतु यह प्रयोग अब तक किया गया हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुधन** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>11.02.2011 | **7.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010–11 तक कुल कितने जिलों के ब्लाक मुख्यालय में कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की गई? क्या किसानों को इसका लाभ मिल रहा हैं? यदि हां, तो किस सीमा तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>15.02.2011 | **8.** क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान उद्यान नीति के अन्तर्गत कुल कितने उद्यानों का सृजन किया गया है? क्या मंत्री जी प्रत्येक उद्यान का जनपदवार विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे? | **उद्यान** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>18.02.2011 | **9.** क्या कारागार मंत्री अवगत हैं कि होमगार्ड के जवानों से पुलिस थानों में पूरा कार्य लिया जाता है? क्या यह सत्य है कि इनका मानदेय बहुत कम है? यदि हां, तो क्या सरकार होमगार्डस का मानदेय बढ़ाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **कारागार** |
| श्री दिनेश अग्रवाल<br>22.02.2011<br>श्री किशोर उपाध्याय<br>22.02.2011 | **10.** क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''राष्ट्रीय उद्यान मिशन'' योजना प्रदेश में क्रियान्वित की जा रही है? यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2007–08, 2008–09, 2009–10, 2010–2011 मे केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि का जनपदवार विवरण क्या हैं तथा प्रत्येक जनपद में इस स्वीकृत धनराशि में से प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक कितनी धनराशि व्यय की गयी है? | **उद्यान** |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>28.02.2011 | **11.** क्या कृषि मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के तहसील लोहाघाट मुख्यालय में मंडी खोलने हेतु वर्ष 2003–04 में जमीन का चयन कर औपचारिकता पूरी कर ली गई थी? यदि हां, तो अभी तक मंडी न खोलने का क्या कारण हैं? | **कृषि** |

श्री मनोज तिवारी
11.01.2011

**12.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करें कि प्रदेश में तराई व भावर क्षेत्र में कितना कृषि योग्य क्षेत्रफल है? उक्त कृषि योग्य भूमि में कितना क्षेत्रफल सिंचित भूमि की श्रेणी में आता है व कितना क्षेत्रफल असिंचित भूमि में आता है?

**कृषि**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
10.02.2011

**13.** क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकारी दिशा निर्देशों के बावजूद जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैण ब्लाक समिति की बैठक में दिनांक 28.05.2010 को कितने अधिकारी अनुपस्थित थे? क्या सरकार अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**पंचायती राज**